# उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद्

## अष्टम अधिवेशन

(नवम्बर, २०-२१ २२, १९८२)

# प्रज्ञा

# स्मारिका

## बैसवारा डिग्री कालेज

## लालगंज (रायबरेली)

| | |
|---|---|
| समारोह संरक्षक | सम्मानित विशिष्ट सदस्य |
| **लाल राजेन्द्र बहादुर सिंह** | **श्री रणबहादुर सिंह** |
| स्वागताध्यक्ष | **फते बहादुर सिंह** |
| **ठा० रतन पाल सिंह** | **सुरेन्द्र बहादुर सिंह** |

# बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज, रायबरेली

## प्रबन्धकारिणी समिति

| | | |
|---|---|---|
| १– | श्री रणबहादुर सिंह | अध्यक्ष |
| २– | ,, शिवशंकर सिंह | ज्येष्ठ उपाध्यक्ष |
| ३– | ,, रामदेव सिंह | कनिष्ठ उपाध्यक्ष |
| ४– | ,, लाल राजेन्द्र बहादुर सिंह | मंत्री एवं व्यवस्थापक |
| ५– | ,, अमरेन्द्र बहादुर सिंह | सह मंत्री एवं सह व्यवस्थापक |
| ६– | ,, रमाशंकर मिश्र | सदस्य |
| ७– | ,, गया प्रसाद शुक्ल | ,, |
| ८– | ,, ईश्वर चन्द्र गुप्त | ,, |
| ९– | ,, शीतला शंकर दीक्षित | ,, |
| १०– | ,, कृष्ण बिहारी सिंह भदौरिया | ,, |
| ११– | ,, रणजीत सिंह | ,, |
| १२– | ,, फतेहबहादुर सिंह | ,, |
| १३– | ,, इन्द्र बहादुर सिंह | ,, |
| १४– | ,, डा० रामरतन सिंह चौहान | ,, |
| १५– | ,, शीतला बख्श सिंह | ,, |
| १६– | ,, राम गोपाल सिंह | ,, |
| १७– | ,, डॉ० अमल धारी सिंह | पदेन |
| १८– | ,, महादेव सिंह | प्रवक्ता |
| १९– | ,, ओम प्रकाश सिंह | ,, |
| २०– | ,, राम प्रकाश सिंह | ,, |
| २१– | ,, श्रीमती रेखा यादव | ,, |

# प्रज्ञा

## स्मारिका

## उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद्

## अटष्म् अधिवेशन

नवम्बर २०-२१-२२, १९८२

*संपादक मण्डल*

प्रो० हरेन्द्र बहादुर सिंह | प्रो० बैजनाथ विश्वकर्मा
डा० बैजनाथ सिंह | प्रो० ओमप्रकाश सिंह

## बैसवारा डिग्री कालेज

लालगंज : रायबरेली

किं स्विद्वनं क उ स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः ।
मनीषिणो मनषा पृच्छतेदु यदध्यतिष्ठद् भुवनानि धारयन् ।।

ब्रह्म वनं स ब्रह्मस वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः ।
मनीषिणो मनसा विब्रवीमि वो ब्रह्माध्यतिष्ठद् भुवनानि धारयन् ।।

ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनाः ।
तदेव शुक्र तद् ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते ।
तस्मिंल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन ।।

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् ।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ।।

अपाणिपादो जवनो गृहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः ।
स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्रयं पुरुषं महान्तम् ।।

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते ।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ।।

अनन्तनामधेयाय सर्वाकारविधायिने ।
समस्तमन्त्रवाच्याय विश्वैकपतये नमः ।।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।।

# अर्द्धनारीश्वरः



वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये ।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ।।

# स्वागत समिति

सर्व श्री

डा० एस० के० सिन्हा
,, जे० बी० सिंह
,, शिव बहादुर सिंह
,, विजय शंकर शुक्ल
प्रो० जीतेन्द्र सिंह
मधुकर द्विवेदी
गिरिधर गोपाल तिवारी
डा० नरेन्द्र कुमार जैन
प्रो० लक्ष्मी नारायण सिंह
मेजर डा० इकबाल बहादुर सिंह
प्रो० भूपेन्द्र देव सिंह
डॉ० शिव वरण शुक्ल
प्रो० प्रेम शंकर मिश्र
अर्जुन सिंह
विन्देश्वरी प्रसाद सिंह
रामनरेश सिंह
शमशेर बहादुर सिंह चौहान
केशव बहादुर सिंह
गंगा दयाल सिंह
राम नरेश सिंह चौहान
गिरिजा शंकर त्रिवेदी
मेड़ी लाल तिवारी
अमर नाथ सिंह
रण विजय सिंह
मुरलीधर शुक्ल
उदय भान सिंह
सीता राम सिंह
डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव
,, सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव
,, सर्वजीत सिंह अरोड़ा
,, एस० पी० सिंह

सर्व श्री

डा० श्रीमती विनीता सिंह
डा० हनोमान सिंह
विश्वनाथ सिंह भदौरिया
सुरेश नारायण सिंह
गिरिजा शंकर दीक्षित
जय शंकर सिंह
भगवान बख्श सिंह
राजेन्द्र सिंह
त्रिवेणी बहादुर सिंह
रवीन्द्र कुमार सिंह
गया प्रसाद त्रिवेदी
राधेमोहन गुप्त
शकुन चन्द्र गुप्त
ईश्वर चन्द्र गुप्त
गँगा राम गुप्त
कृष्ण चन्द्र गुप्त
ओमप्रकाश स्वर्णकार
पन्नालाल गुप्त
प्रशान्त कुमार दीक्षित
शेष नारायण अग्रवाल
बाबूलाल स्वर्ण कार
सेठ वसन्त लाल
शंकर (अमर रेडियोज)
भुलाने सिंह
आर० एन० गुप्त
आर० पी० गुप्त
डॉ० गोपाल स्वरूप
,, अग्रवाल होम्योपैथ

स्वागताध्यक्ष—

**डा० रतन पाल सिंह**

प्रो० राम प्रकाश सिंह सचिव

प्रो० सत्यनारायण सिंह कोषाध्यक्ष

# सम्पादकीय

- उत्तर प्रदेश दर्शन-परिषद् (अष्टम अधिवेशन) के अवसर पर 'प्रज्ञा-स्मारिका' के प्रकाशन का जो सुयोग हमें अनायास ही प्राप्त हो सका है उसके लिए हम परिषद् के कृपालु पदाधिकारियों के भूरिशः कृतज्ञ हैं जिन्होंने अधिवेशन के निमित्त बैसवारा डिग्री कालेज जैसी छोटी संस्था और लालगंज जैसे छोटे नगर को चुना।

- हम उन शुभाशंसियों एवं सहयोगियों के प्रति भी अन्तरतम से आभारी हैं जिन्होंने स्मारिका हेतु शुभ संदेश विज्ञापन तथा प्रकाशनार्थ निबन्धादि उपलब्ध कराये।

- अति अल्प समय में सुन्दर एवं त्रुटिहीन छपाई के लिए हम इसके मुद्रकों को साधुवाद देते हैं।

- हमें आशा है कि सुधी पाठक एवं विनम्र छात्र इस अंक को एक स्मृति-चिह्न के रूप में अंगीकार करेंगे और उन त्रुटियों व न्यूनताओं पर ध्यान न देंगे जो आलस्यवश या प्रमादवश जाने अनजाने हो गई या रह गई हैं।

- हम पुनः एक बार सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के इस वर्तमान अष्टम अधिवेशन की सुसम्पन्नता हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने वाले अधोलिखित समस्त महानुभावों के प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं तथा कालेज द्वारा आयोजित होने वाले समस्त भावी समारोहों में सहायतार्थ निवेदन करते हैं।

अमलधारी सिंह प्राचार्य/संयोजक

सत्यनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष

| | |
|---|---|
| श्री रतनपाल सिंह तेजगांव | ५१००.०० |
| ,, फतेह बहादुर सिंह ,, | १००१.०० |
| ,, गिरजा शंकर दीक्षित लालगंज | २०१.०० |
| ,, ओम प्रकाश स्वर्णकार ,, | २०१.०० |
| ,, सेठ शिवनारायण गुप्ता ,, | १५१.०० |
| ,, रायपुर मझिगवां | १२१.०० |
| ,, प्राचार्य इण्टर कालेज रौतापुर | १५१.०० |
| ,, ओम प्रकाश रस्तोगी | १११.०० |
| ,, राजेन्द्र बहादुर सिंह आलमपुर | १०१.०० |
| ,, अमरेन्द्र बहादुर सिंह रौतापुर | १०१.०० |
| ,, रवीन्द्र कुमार सिंह लालगंज | १०१.०० |
| ,, के० सी० गुप्ता ,, | १०१.०० |
| ,, गंगा राम गुप्ता ,, | १०१.०० |
| ,, हनुमान सिंह मुनीम जी ,, | १०१.०० |
| ,, नागेश्वर शर्मा ,, | १०१.०० |
| ,, ईश्वर चन्द्र गुप्ता ,, | १०१.०० |
| ,, राम कुमार विश्वकर्मा ,, | १०१.०० |
| ,, प्रशान्त कुमार दीक्षित ,, | १०१.०० |
| ,, प्राचार्य इ. कालेज पूरे पाण्डेय ,, | १००.०० |
| ,, मिश्रा मशीनरी स्टोर्स ,, | ५१.०० |
| ,, शिव किशोर त्रिपाठी ,, | ५१.०० |
| ,, मो० सलीम ,, | ५१.०० |
| ,, गोवर्धन सिंह ,, | ५१.०० |
| ,, राधे कृष्ण गुप्ता ,, | ५१.०० |
| ,, नूर मोहम्मद ,, | ५१.०० |
| ,, सुरेश चन्द्र रस्तोगी ,, | ५१.०० |
| ,, पंजाब स्पोर्ट्स कानपुर | ५१.०० |
| ,, शेष नारायण अग्रवाल | ५०.०० |
| ,, भुलाने सिंह | २५.०० |
| ,, बाबूलाल स्वर्णकार | २५.०० |
| ,, राजेन्द्र सिंह (सेमरपहा रोड) | २५.०० |
| ,, सेठ बसंत गुप्ता | २१.०० |
| ,, शंकर भ्रमर रेडियोज | २१.०० |
| ,, गया प्रसाद त्रिवेदी | २१.०० |

| | |
|---|---|
| श्री राधेमोहन गुप्ता | २१.०० |
| ,, शकुन चन्द्र गुप्ता | २१.०० |
| ,, अमर नाथ सिंह पूरे पाण्डेय | २१.०० |
| ,, राजेन्द्र सिंह नौबस्ता | २१.०० |
| ,, इन्द्र बहादुर सिंह | १०१.०० |
| ,, सी० एल० सिंह | ५१.०० |
| ,, राज किशोर सिंह बक्सी जी | २०१.०० |
| ,, विश्वनाथ सिंह भदौरिया | २०१.०० |
| ,, वंश बहादुर सिंह | १०१.०० |
| ,, वृजेन्द्र सिंह राठौर | २०१ ०० |
| ,, डॉ० अमल धारी सिंह प्राचार्य | १०१.०० |
| ,, डॉ० महेशसिंह (अध्यक्ष) इतिहास विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० उपेन्द्र बहादुर सिंह (अध्यक्ष) हिन्दी विभाग | ५१.०० |
| ,, डॉ० बैजनाथ (अध्यक्ष) संस्कृत विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० राकेश चन्द्र त्रिवेदी (अध्यक्ष) राजनीति विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० राम सनेही जायसवाल (अध्यक्ष) भूगोल विभाग | ५१.०० |
| ,, छोटेलाल सिंह (अध्यक्ष) अर्थशास्त्र विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० बैजनाथ विश्वकर्मा (अध्यक्ष) अंग्रेजी विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० हजारी सिंह (अध्यक्ष) समाज शास्त्र विभाग | ५१.०० |
| ,, व्रजभूषण सिंह (अध्यक्ष) सैन्य अध्ययन विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० हरेन्द्र बहादुर सिंह, हिन्दी विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० सत्यनारायण सिंह, भूगोल विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० देवेन्द्र बहादुर सिंह, हिन्दी विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० निर्मलनाथ सिंह, सैन्य अध्ययन ,, | ५१.०० |
| ,, प्रो० महादेव सिंह, भूगोल विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० ओमप्रकाश सिंह, हिन्दी विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० रामप्रकाश सिंह (अध्यक्ष) दर्शनशास्त्र विभाग | ५१.०० |
| ,, प्रो० श्रीमती रेखा यादव, अंग्रेजी विभाग | ५१.०० |

# उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् (अष्टम अधिवेशन)

की

## सफलता हेतु

# हार्दिक शुभकामनायें

- डॉ० रामलोचन सिंह
  कुलपति
  मेरठ विश्वविद्यालय।

- डॉ० हेमलता स्वरूप
  कुलपति
  कानपुर विश्वविद्यालय।

- डॉ० सत्यव्रत सिंह
  प्राक्तन कुलपति
  सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी।

- पं० गौरी नाथ शास्त्री
  कुलपति
  सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी।

- पद्मभूषण ठा० जयदेव सिंह
  भूतपूर्व प्राचार्य
  युवराजदत्त कालेज
  लखीमपुर, खीरी।

- डॉ० कुँवर चन्द्र प्रकाश सिंह
  प्राक्तन प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
  हिन्दी विभाग
  बड़ौदा, जोधपुर, मगध विश्वविद्यालय।

- डॉ० फतह सिंह
  प्राक्तन निदेशक
  राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर।

- डॉ० नामवर सिंह
  प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
  भारतीय भाषा विभाग
  जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली।

- डॉ० कृष्णदत्त वाजपेयी
  प्राक्तन प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (इति० विभाग)
  सागर विश्वविद्यालय सागर (म० प्र०)

- डॉ० नन्द किशोर देवराज
  प्राक्तन प्रोफेसर एवं निदेशक
  दर्शन उच्चानुशीलन केन्द्र
  काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

- शम्भु नाथ (आई० ए० एस०)
  जिलाधीश
  मेरठ।

- डॉ० सरोजिनी वार्ष्णेय
  प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र
  एवं
  प्राचार्या
  महिला महाविद्यालय
  काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

# आभार - प्रकाश

उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के इस वर्तमान अष्टम अधिवेशन के अवसर पर 'प्रज्ञा-स्मारिका' को देश के दार्शनिक चिन्तकों, विद्याभिनिवेशी सुधी सहृदय आचार्यों के कर कमलों में समर्पित करते हुये अतिशय आह्लाद का अनुभव कर रहा हूँ। अधिवेशन स्थल के लिये इस कालेज का चयन किया जाना बैसवारा क्षेत्र के लिये गौरव का विषय है। धर्म पीठ स्थली, ऋषीश्वर-तपो-भूमि, शूरवीर क्रान्तिकारी साहित्यकार-प्रसविनी, दान-कर्म-वीर-जननी बैसवारा भूमि इतिहास विख्यात है। महान् उद्‌भट दार्शनिकों तथा अन्य विद्वानों का विविध विभूतियों के धनी इस बैसवारा क्षेत्र में पधारना भी गौरव की ही बात है। सिद्ध इस क्षेत्र के अन्तर्गत इस विद्या मन्दिर में परा विद्या के अधिवेशन के आयोजनार्थ हम परिषद् के अध्यक्ष तथा सचिव महोदय के बहुत ही कृतज्ञ हैं। परम श्रद्धेय गुरुवर्य डॉ० कुंवर चन्द्र प्रकाश सिंह जी का हम लोगों पर अतिशय अनुग्रह अहेतुकी कृपा है। आपके प्रयास एवं निर्देशन से ही इस छोटे से कालेज में इस विशाल अधिवेशन का आयोजन संभव हो रहा है। इस समारोह की सफ़लता हेतु अपनी शुभ कामनायें एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले सभी सम्मान्य महानुभावों के प्रति हम बहुशः आभारी हैं। स्वागताध्यक्ष के रूप में गुरुतर कार्यभार सहर्ष स्वीकार करने वाले ठा० रतन पाल सिंह तथा बहुल सहयोग प्रदान करने वाले ठा० फते बहादुर सिंह एवं ठा० सुरेन्द्र बहादुर सिंह के हम अनुगृहीत हैं। प्रबन्ध-तंत्र तथा स्वागत समिति के सदस्यों एवं अक्लान्त आफलोदय सौहार्द सौमनस्यभाव से कार्य करने वाले कालेज परिवार के सभी सदस्यों के प्रति मैं बहुत ही आभारी हूं। स्वल्प समय में आकर्षक साज-सज्जा के साथ 'प्रज्ञा स्मारिका' को प्रस्तुत करने वाले सम्पादक मण्डल की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। इसके प्रकाशनार्थ 'हिन्दी साहित्य भण्डार' के स्वत्वाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार मेहरा तथा मुद्रणालय के कर्मचारीगण विशेषतः धन्यवाद के पात्र हैं। इस समारोह के लिए ३०००।—के आर्थिक अनुदान की स्वीकृति हेतु हम राज्य सरकार के बहुत ही आभारी हैं।

इस सारस्वत समारोह की सुसम्पन्नता हेतु पूर्ण संरक्षण प्रदान करने वाले माननीय लाल राजेन्द्र बहादुर सिंह तथा मनसा-वाचा-कर्मणा, प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग करने वाले समस्त सहृदय, उदारमना महानुभावों के प्रति मैं अतिशय आभार प्रकट करता हूं।

**अमलधारी सिंह**

प्राचार्य/संयोजक

# शुभकामना संदेश

ब्रह्मदत्त,
मंत्री
वित्त एवं नियोजन

विधान भवन,
लखनऊ

दिनांक 12 नवम्बर, 1982

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि बैसवारा डिग्री कालेज, लालगंज, रायबरेली द्वारा उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के अष्टम अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है और इस अवसर पर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जा रही है।

इस अधिवेशन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के दार्शनिकों द्वारा राष्ट्रीय अखण्डता एवं कौमी एकता पर प्रभावशाली प्रकाश डाला जायेगा, मुझे ऐसी आशा है।

आयोजित अधिवेशन एवं स्मारिका की सफलता के लिये मेरी शुभकामनायें।

भवदीय,
ब्रह्मदत्त

# शुभकामना संदेश

रत्न शंकर मिश्र
कुलपति

लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ

नवम्बर 6, 1982

प्रिय सिंह जी,

आपका दिनांक 26–10–82 का निमंत्रण प्राप्त हुआ अनुग्रहित हूँ।

मैं प्रभू से सदैव यही प्रार्थना करता हूँ कि बैसवारा क्षेत्र को सर्वधर्म सम्मेलन में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त हो। आप सभी व्यक्तियों का अथक प्रयास राष्ट्रीय अखण्डता एवं कौमी एकता हेतु सफल हो यही कामना है।

भवदीय,

(रत्न शंकर मिश्र)

## शुभकामना संदेश

डा० रामजी सिंह
पी. एच–डी., डी. लिट.
(प्रो० गाँधी अध्ययन केन्द्र)
भूतपूर्व संसद सदस्य
अध्यक्ष अखिल भारतीय दर्शन परिषद्

भागलपुर विश्व विद्यालय,
भागलपुर

१३–११–८२

भारत में दर्शन की महान परम्परा है। आज मानव न तो सुख से जी पा रहा है और न शान्ति से मर ही पा रहा है। ऐसी आस्थाहीनता के समय में दर्शन ही प्रकाश दे सकता है।

मैं अधिवेशन की पूर्ण सफलता के लिये मंगलतम मंगल कामना करता हूँ।

हस्ताक्षर – रामजी सिंह

---

## FEROZ GANDHI COLLEGE

*Dr. S. K. Sinha.*
M. A., Ph. D.
(PRINCIPAL)
&
Member, Excutive Council,
Former Hony Professor of Pol. Science,
Kanpur University, Kanpur.
&
Ex-Dean, Faculty of Arts,
Kanpur University.

Rae Bareli, U. P.
(PIN ; 229 001)

I am glad to learn that the Baiswara Degree College, Lalganj is holding the Eighth Conference of the State Philosophical Congress.

Dr. Amal Dhari Singh Principal of the College, rightly deserves our congratulations on taking the initiative and providing a lead to his colleagues to advanced studies and research in Philosophy.

Dr Singh has not confined himself to the administrative charge of the college only but is keen to make the institution a seat of light and learning.

I wish all success to the congress and my fellow colleagues who are taking pains to organise the conference.

( Sd. S. K. SINHA )

Gram . "UPEXPORT" Kanpur
Telex : 0325-372 UPEC IN

☎ 47518, 47618, 47718, 47818 ] PBX

# THE U. P. EXPORT CORPORATION LTD.

( A STATE GOVERNMENT UNDERTAKING & RECOGNISED EXPORT HOUSE )

## उत्तर प्रदेश निर्यात निगम लि०

B-27, SARVODAYA NAGAR KANPUR - 208 005 U. P. (INDIA)

विनोद मल्होत्रा,
प्रबन्धक निदेशक

अ०गा०त०सं० : एम०डी०/14–2/2619
12 नवम्बर, 1982

प्रिय डाक्टर सिंह,

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के तत्वाधान में आपके विद्यालय में अष्टम अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुझे अपने रायबरेली के कार्यकाल में आपकी संस्था एवं विभिन्न आयोजनों में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ और मेरा यह दृढ़ मत है कि बैसवारा डिग्री कालेज बैसवारा क्षेत्र के अतीत को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समाज के सामने प्रस्तुत करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस अधिवेशन के उद्देश्य अत्यन्त सामयिक हैं और कदाचित इस समय देश को इनकी नितान्त आवश्यकता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका अधिवेशन अपने उद्द्श्यों की पूर्ति में पूर्णरूपेण सफल होगा। मैं इसकी सफलता के लिये ईश्वर से मंगल कामना करता हूँ।

सद्भाव सहित,

भवदीय,
विनोद मल्होत्रा

## उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद्

### अष्टम अधिवेशन

(नवम्बर २०, २१, २२, १९८२)

# उद्घाटन भाषण

### साहित्य वाचस्पति प्रोफेसर वासुदेव सिंह

खाद्य एवं आपूर्ति मन्त्री

(उत्तर प्रदेश शासन)

## बैसवारा डिग्री कालेज, लालगंज,

## (रायबरेली)

卐 卐卐卐
卐 卐
卐卐卐卐卐
卐 卐
卐卐卐 卐

नमस्तस्मै भगवते वासुदेवाय वेधसे ।
पपुर्ज्ञानमयं सौम्या यन्मुखाम्बुरुहासवम् ।।

卐 卐卐卐
卐 卐
卐卐卐卐卐
卐 卐
卐卐卐 卐

# उद्घाटन भाषण



—:★:—

साहित्य वाचस्पति

**प्रो० वासुदेव सिंह**

खाद्य एवं आपूर्ति मन्त्री, (उत्तर प्रदेश शासन)

स्वागताध्यक्ष महोदय, परिषद् के अध्यक्ष महानुभाव, दर्शन के सम्मानित आचार्यजन, देवियों और सज्जनों।

उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के दर्शन के आचार्यों और अध्यापकों की परिषद् के इस विशिष्ट अधिवेशन के उद्घाटन को एक बहुत बड़ा सम्मान मानता हूं। इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। मैं इसे एक महान् उत्तरदायित्व भी मानता हूँ, क्योंकि इस सारस्वत महोत्सव के उद्घाटन का अधिकारी वही है जो आप लोगों के द्वारा यहाँ किये जाने वाले सामूहिक चिन्तन और मनन में सक्रिय सहयोग दे सके। मेरा क्षेत्र दर्शन नहीं है, किन्तु इस देश में, विशेषतः भारत के हृदय, इस उत्तर प्रदेश में, तुलसी, सूर, कबीर, जायसी, दादू, चरणदास, निश्चलदास आदि सन्तों ने दर्शन को जन-जन के कंठ में गेय बनाकर उतार दिया है। इस देश में तो दर्शन ग्रामों की भक्त मंडलियों में रसमग्न होकर गाया जाता है, सुनाया जाता है और सामान्यजन के द्वारा आस्वादित होता है। दर्शन के रसग्राही जन सामान्य के नाते मैं भी दर्शन पर कुछ कहने का अधिकारी मान लिया गया होऊँ, तो यह स्वाभाविक ही है।

भारतवर्ष दर्शन की जन्मभूमि है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति हजारों वर्ष पुरानी है। मैं तो मानता हूँ कि वह सम्भवतः सबसे पुरानी है। मोहेंनजोदड़ो और हड़प्पा संबंधी नवीन अनुसंधान इसको प्रमाणित कर रहे हैं। पाश्चात्य विद्वान् चीन की सभ्यता को भारत की सभ्यता से अधिक पुरानी मानते हैं। यदि इसे स्वीकार भी कर लें तो भी दर्शन के प्रसंग में वस्तुस्थिति में कोई

अन्तर नहीं पड़ता। कारण, यदि भारत की अपेक्षा चीन का इतिहास कुछ पुराना भी हो, तो भी अनेक प्रमाणों और उपलब्ध उल्लेखों से यह सिद्ध है कि दार्शनिक चिंतन का आरम्भ भारत में चीन से बहुत पहले हो चुका था। अन्य अनेक दृष्टियों से भी भारतीय सभ्यता चीन की सभ्यता से आगे थी। उदाहरण स्वरूप भारतीय ४६ अक्षरों की वर्णमाला में समग्र वाङ्मय को समेट लिया गया था, जबकि चीनियों ने प्राय: ५००० अक्षरों की वर्णमाला बनाई थी। दर्शन के क्षेत्र में चीन ने भारत को ही अपना गुरू माना था। चीन में साहित्य का आरम्भ करने वाले सम्राट् फूही माने जाते हैं। महान् दार्शनिक डाक्टर भगवान् दास के अनुसार वेदव्यास के समसामायिक थे। इनके लिखे रेखाचित्र मिले हैं। किन्तु इनके बाद ईसा पूर्व छठी शती के अन्त तक चीन के किसी दार्शनिक के होने का प्रमाण नहीं मिलता। उक्त छठी शती में वहाँ लाओत्जे और कानफ्यूसियस नाम के दो महान दार्शनिकों का आविर्भाव हुआ। ये महावीर और बुद्ध के समकालीन थे। यूनान देश में इसी समय पैथागोरस, साक्रेटीज और प्लेटो हुए थे। इस समय तक भारत में वेदों और उपनिषदों का दर्शन, बादरायण के ब्रह्मसूत्र आदि सुप्रसिद्ध हो चुके थे। डा० भगवान्दास का मत है, लाओ का मत प्राय: शुद्ध वेदान्त ही है। डाक्टर भगवान् दास ने यह भी लिखा है कि जापान में भी बौद्ध धर्म और दार्शनिक विचार बुद्धदेव के सौ-दो सौ वर्ष पीछे ही बौद्ध परिव्राजक भिक्षुओं के द्वारा पहुँच गये थे और तब से आज तक इन्हीं का वहाँ प्राबल्य और प्रचार रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि जापान का आदिम धर्म शिन्तो था। कुछ विद्वानों का मत है कि यह शब्द 'सिन्धु' 'हिन्दू' का ही रूपान्तर है। तिब्बत, बर्मा, श्याम, जावा, सुमात्रा, सिंहल आदि देशों का दार्शनिक चिन्तन भी भारत से ही गया है। इसके आधार पर समग्र जम्बूद्वीप के दार्शनिक चिन्तन की एकता का उद्घाटन किया जा सकता है और एशिया महाद्वीप के अनेक देशों की सांस्कृतिक एकता का अधिष्ठान तैयार किया जा सकता है। इस परिषद् में इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

प्राचीनता ही भारत के दर्शन की प्रमुख विशेषता नहीं है, उसकी व्यावर्त विशेपता है आचरण सापेक्षता। अपने समय के दर्शन के विशिष्ठ विद्वान् डाक्टर जयदेव सिंह का यह मत इस प्रसंग में उद्धरणीय है.—

'भारत के लिए दर्शन केवल चिंतन-सरणि नहीं है, अपितु जीवन-सरणि है। न तो यह निरर्थक कौतूहल से प्रसूत हुआ है और न यह बौद्धिक व्यायाम मात्र है। यहां प्रत्येक दर्शन धर्म है और प्रत्येक धर्म का दार्शनिक आधार है।··· यहाँ तो दार्शनिक वह माना जाता था जो जीवन के रहस्य को जानने के लिए एक गम्भीर आन्तरिक प्रेरणा से प्रणोदित होता था, जो तीव्र आध्यात्मिक साधना में व्यस्त रहता था और जो अपने जीवन को रूपान्तरित कर प्रकाश का दर्शन करता था। अपने समकालीन जनों के लिए करुणा से प्रेरित होकर जिस सत्य का वह अनुभव करता था उसे मानव की तार्किक बुद्धि को अवगत कराने का प्रयत्न करता था। इस प्रकार इस देश में दर्शन का आविर्भाव हुआ।"

छांदोग्य उपनिषद् में सनत्कुमार के पास नारद के जाने और शिक्षा देने के लिए प्रार्थना करने की कथा आई है। नारद ने कहा – मैं शोक में पड़ा हूँ, मुझे शोक के पार उतारिये। इस पर करुणा से प्रेरित होकर सनत्कुमार ने उनको आत्मा को पहचान कराने वाला ज्ञान दिया। ऐसे आख्यानों में इस देश में दर्शन के अभ्युदय की कहानी छिपी पड़ी है। इसी प्रकार कठोपनिषद् में नचिकेता और यम का सम्वाद तथा बृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी के संवाद में जिस तत्व का निर्वचन किया गया है वही आत्मविद्या रूपी परम श्रेय की प्राप्ति का साधन है। इन संवादों में यह ध्वनित है कि इस देश का दर्शन खाने-पीने, नाचने, गाने, हाथी-घोड़े, मोटर राज प्रासाद विपुल ऐश्वर्य-भोग, महल-अटारी आदि को निर्महत्त्व समझता है। वह नचिकेता के शब्दों में कहता है –न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः। वित्त से मनुष्य कभी तृप्त नहीं हो सकता। क्योंकि मैत्रेयी के शब्दों में येनाहं न अमृता स्यां किं अहं तेन कुर्याम है अर्थात् वह लेकर क्या करूँगी जिससे मृत्यु का भय न छूटे। आज के इस अर्थ प्रधान-युग में ये उपदेश कितने कल्याणकारी हो सकते हैं यह कहने की आवश्यकता नहीं। मेरा विश्वास है भावी विश्व मानव समाज के नवनिर्माण की यही आधार शिला होगी। इस मानव कल्याण की दृष्टि के कारण हमारे देश में दर्शन को जो सम्मान मिला है, वह संसार के किसी देश में दर्शन को प्राप्त नहीं हुआ है। सांख्यदर्शन के प्रवर्तक महर्षि कपिल को इस देश में भगवान् के चौबीस अवतारों में गिना गया है।

वेद उपनिषदों के काल के पश्चात् बुद्ध और महावीर का काल आता है बुद्ध का दर्शन भी लोक का दुःख दूर करने के लिए परम कारुण्य से प्रेरित है। बुद्ध के जीवनचरित्र का जिन्होंने अनुशीलन किया है, वे जानते हैं कि किस प्रकार उन्होंने विपुल राज्य और ऐश्वर्य, प्रियतमा यशोधरा और शिशु राहुल को छोड़कर नगर के फाटक के बाहर खड़े होकर यह प्रतिज्ञा की थी—

जननमरणयोः अदृष्टपारः न पुनः अहं कपिलाऽह्वयं प्रवेष्टा।

जन्म मृत्यु के रहस्य का पता लगाये बिना राजधानी कपिलवस्तु में पुनः पैर नहीं रखूँगा। इन्हीं भगवान् बुद्ध के दर्शन ने दुखः क्या हैं, दुखः का हेतु क्या है, दुखः की हानि क्या है. दुखः की हानि का उपाय क्या है, ये चार अर्थ सत्य जगत् को दिये। भगवान् महावीर के जैन दर्शन में भी बंध का हेतु आस्रव, तृष्णा, उसके संवर से अर्थात् निरोध से मोक्ष प्राप्ति की साधना विस्तार से बताई गई है –

आस्रवो बंधहेतुः स्यात्, संवरो मोक्षकारणम्।
इति इयं आर्हती मुष्टिः अन्यद् अस्याः प्रपंचनम्॥

इसी आर्हती मुट्ठी में सारा जैनदर्शन समाहित है। इसी से मिलती जुलती बात वेदान्त के इस प्रसिद्ध श्लोक में कही गयी है –

श्लोकार्द्धं प्रवक्ष्यामि यदुक्तं शास्त्रकोटिभिः।
ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः॥

जो कोटि शास्त्रों में कहा गया है, उसे आधे श्लोक में कहता हूँ। ब्रह्म ही सत्य है, जगत् मिथ्या है। जीव ब्रह्म है. अन्य कुछ नहीं।

भारत के प्रसिद्ध षड् दर्शनों का प्रेरणा-स्रोत यही करुणा, यही दुखः जिहासा अथवा बंधन से छूटने की इच्छा है। न्यायवैशेषिक, सांख्य -योग, पूर्वमोमांसा, वेदान्त सबका मूल स्वर यही है। सब दर्शन सबसे बड़े पदार्थ ब्रह्म की खोज की दिशा में प्रेरित करते हैं।

न्याय दर्शन में इसका प्रमाण इन शब्दों में मिलता है—

दुख-जन्म—प्रवृत्ति-दोष-मिथ्याज्ञानानाम् उत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायाद् अपवर्गः, अर्थात् तत्वज्ञान होने से दुखः और उसके कारणों की परम्परा का उपाय या क्षय होकर मिथ्या ज्ञान मिट जाता है. सब क्लेश मिट जाते हैं और मोक्ष, निःश्रेयस आदि नामों वाला अपवर्ग प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार वैशेषिक में धर्म का जो स्वरूप बतलाया गया है वह भी दुखः निरोध का सूचक है।

यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।

जिससे अभ्युदय और निश्रेपस दोनों की सिद्धि हो, वह धर्म है। जहाँ अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि है, वहाँ दुःख कैसे रह सकता है।

महर्षि कपिल के सांख्य दर्शन का पहला ही सूत्र है :—

"अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृतिः अत्यन्तपुरुषार्थः। अर्थात् दैहिक, दैविक भौतिक तीनों प्रकार के दुखों की अत्यन्त निवृत्ति ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ है और सांख्य का कथन है, ज्ञान से ही मोक्ष मिलता है—ज्ञानेन चापवर्गः। सांख्य दर्शन को ख्याति दर्शन भी कहते हैं। कारण !सम्यक् ख्यानं संख्यानं, तद्एव सांख्या ख्याति-का अर्थ है ज्ञान, व्याख्यान एवं गणन।

योगदर्शन के अनुसार सब दुखों का मूल कारण द्रष्टा और द्रश्य प्रकृति और मिथ्या ज्ञान या अविद्या है। इसको दूर करने का एक मात्र उपाय सच्चा ज्ञान है जिसको यह ज्ञान हो जाता है सर्वत्र अपने को ही देखता है —एकमेवाद्वितीयं का अनुभव करता है। ततः क्लेशकर्मनिवत्तिः। पुरुषार्थ-शून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं, स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति। (पातंजल योगसूत्र, अ० ४ सू० ३४)

महर्षि जैमिनि के पूर्वमीमांसा में कहा गया है, धर्म के सच्चे स्वरूप को खोजना और जानना चाहिए। धर्म के सच्चे ज्ञान से और तदनुसार आचरण से ही निश्रेयस मिलता है, फलतः दुखः की निवृत्ति होती है। मीमांसा में निर्दिष्ट निःश्रेयस को स्वः शब्द से भी अभिहित किया गया है। जिस सुख में दुखः का क्लेश भी मिश्रित न हो, जिसका कभी लोप न हो, जो कभी दुखः से ग्रस्त न हो, जो अपनी अभिलाषा के आधीन हो, उस अवस्था को निःश्रेयस अथवा मोक्ष का सूचक "स्व' पद से अभिहित किया गया है —

यन्न दुखेःन संभिन्नं, न च ग्रस्तमनंतरम्।
अभिलाषोपनीतं तत् पदं स्वः पदास्पदम्॥

(श्लोक वार्त्तिक)

वेदान्त, जिसे उत्तरमीमांसा कहते हैं, सब दर्शनों का सिरमौर माना गया है । बादरायण के ब्रह्मसूत्र इस दर्शन स्रोत या आधार कहे जा सकते हैं । वेद के ज्ञान की पराकष्ठा जिसमें पाई जाय वही है वेदान्त दर्शन । वेदान्त का आदेश है—अथातो ब्रह्म जिज्ञासा, ब्रह्म की सबमें बड़े पदार्थ की भूमा की खोज करनी चाहिए, जानना चाहिए । ब्रह्म को जानने वाला परम तत्त्व को पा लेता है । वह जो ब्रह्म सदा से ही था, वही ब्रह्म फिर हो जाता है, वही बना रहता है—

"ब्रह्मविद् आप्नोति परम् ।

ब्रह्मैव सन् ब्रह्मैवैति । ब्रह्मवेद ब्रह्मवदेव भवति ।

भगवत्पाद शंकराचार्य ने बादरायण के वेदान्त सूत्रों की अद्वैतवादी व्याख्या की जो जगत्प्रसिद्ध है । शंकराचार्य के अद्वैतवाद का खंड़न कर रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैतबाद, मध्वाचार्य ने अद्वैतवाद, विष्णुस्वामी और उनके परवर्ती अनुयायी वल्लभाचार्य ने शुद्धाद्वैतवाद, पुष्टि मार्ग और निम्बार्काचार्य ने द्वैताद्वैतावाद का प्रवर्तन किया । मध्वाचार्य का दर्शन ही चैतन्य महाप्रभु की दिव्य साधना का अवलंब पाकर अचित्य भेदाभेदवादी दर्शन के रूप में विकसित हुआ । इन वैष्णव दर्शनों ने हमारे देश की मध्यकालीन विविध कलाओं—काव्य संगीत, मूर्तिकला, स्थापत्य आदि पर गहरा प्रभाव डाला । साहित्य और कलाओं का नव्योत्थान हुआ ।

वैष्णव दर्शनों के समानान्तर शैव दर्शन की कुछ सारणियों का भी विकास हुआ । उनका प्रभाव हमारे देश के सौन्दर्य-दर्शन पर विशेष रूप से पड़ा । विद्वज्जन इस अधिवेशन में उस पर विचार करेंगे ही ।

हमारे दर्शन के इन आचार्यों–रामानुज, निंबार्क, वल्लभ और मध्व—ने इस देश की परीधीनता और संकट के काल में राष्ट् को भक्ति का महान् अवलंब प्रदान किया जिससे देश और धर्म की रक्षा हुई । इन आचार्यों ने ज्ञान, कर्म और भक्ति का अद्भुत समन्वय कर वेदान्त को नया रूप दिया—

वेदबुद्धया तु दासोऽहं जीवबुद्धया त्वदंशकः ।

आत्मबुद्धया त्वमेवाऽह इति वेदान्तडिंडिमः ।।

भगवान् का अश हूँ, आत्मा की दृष्टि से भगवान् से अभिन्न हूँ—यह वेदान्त का घोष है ।

यहां यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे दर्शन लोक-जीवन की उपेक्षा नहीं करते । गीता में ब्रह्मविद्या को राज विद्या कहा गया है । इसका अर्थ है, यह दर्शन या ब्रह्मविद्या इहलोक और परलोक दोनों को बनाने वाली है । आन्वीक्षिकी त्रयी, वार्ता दण्डनीति आदि सब दर्शन के पेट में समाये हुए हैं । कौटिल्य ने कहा है, सब विद्या और सब विनय का हेतु इन्द्रियजय है । दर्शन की निधि

और इन्द्रियजय में अन्योन्याश्रय संबंध माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में यह भी कहा है कि कोई व्यक्ति चाहे चारों समुद्रों से घिरी हुई पृथ्वी का ही मालिक क्यों न हो जाय चतुरुदधिमाला मेखलाया भुवो भर्ता। यदि उसने इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर आत्मविद्या का ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न नहीं किया तो वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।

कहने का तात्पर्य यह है कि राजनीति में दर्शन अनिवार्य है। रूसो के दर्शन के आधार पर फ्रांस में और फिर यूरोपीय देशों में लोकतन्त्र की उद्भावना हुई। हमारे देश में भी उपनिषद् और गीता के श्लोकों का पाठ करते हुए क्रान्तिकारी युवक फांसी के तख्ते पर झूल जाते थे। भारत के स्वतन्त्रता-आन्दोलन को सशक्त प्रेरणा प्रदान करने के लिए लोकमान्य तिलक ने गीता की कर्मयोग-परक टीका की। महात्मा गांधी ने भी गीता के अनासक्ति योग को अपने जीवन का प्रेरणा स्रोत बनाया। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् इस देश में पश्चिम से और साम्यवादी-दर्शनों का चिंतन आया। इस वैचारिक संघात में विचारकों के सामने मुख्य समस्या थी—देश में संस्थापित लोकतन्त्र की भारत की अपनी अस्मिता के आधार पर रक्षा। इस समस्या को लेकर इस प्रदेश के जिन राजनीतिक नेताओं ने गम्भीर चिंतन किया, उसमें आचार्य नरेन्द्र देव, डाक्टर सम्पूर्णानन्द तथा डाक्टर राम मनोहर लोहिया विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मेरा आप सब दार्शनिकों से अनुरोध है कि आप अपने देश की दार्शनिक भूमिका पर ऐसा तेजस्वी मौलिक चिंतन करें जिससे हमारे देश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हों, सामाजिक वैषम्य दूर हो, और जन-जीवन सब प्रकार के अभावों से मुक्त होकर सदाचार के मार्ग पर चले—उच्चतम जीवन-मूल्यों को ग्रहण करें। आवश्यकता इस बात की है कि नैतिकता राजनीति पर अनुभवी रंग चढ़ाये और मंत्रियों, मंत्रि परिषदों, संसदों और व्यवस्थापिका सभाओं में सर्वमान्य बने। इस दिशा में आपका दार्शनिक नव-चिन्तन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इस निवेदन के साथ मैं इस परिषद् के अधिवेशन का उद्घाटन करता हूं।

उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के अष्टम अधिवेशन

पर

हार्दिक

# स्वागत

**ठा० रतन पाल सिंह**

तेजगाँव, रायबरेली

# स्वागत भाषण

**समादरित सज्जनों !**

जब हृदय भावों से भर जाता है और वाणी मूक हो जाती है, आज का यह अवसर भी कुछ ऐसा ही है।

हमारी परम्परा के अनुकूल महानुभावों के दर्शन, उनके बहुमूल्य विचारों के श्रवण एवं उनके आतिथ्य सत्कार का सहयोग बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है वह भी अपनी भूमि पर अपनी धूलि पर।

आप लोगों ने मुझे इस महान उत्तरदायित्व के निर्वहन का आदेश दिया है जो मेरी असमर्थता जानते हुए भी आप लोगों के महान स्नेह का सूचक है।

मेरे पास आप लोगों के स्नेह का बल है आपकी सहानुभूति का संवल है अतएव इसकी सफलता आपकी ही सफलता है।

मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि महान दार्शनिकों विद्वान मंडली एवं समाज सेवियों के अतिरिक्त भविष्य के दृष्टा कवियों की उपस्थिति से सद्भावनाओं, सद्विचारों के साथ ज्ञान का अपूर्व पुण्य सलिला भागीरथी प्रवाहित होगी। संगीतमय जमुना के साथ सारा जन गण मन उसमें सद्य स्नात हो और धन्य-धन्य होगा। और इतना ही नहीं हमारा यह धरातल तीर्थराज प्रयाग की भाँति पावन हो उठेगा।

उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद की इस गोष्ठी की सफलता के लिए हम एक बार महान विभूतियों के साथ-साथ उन सभी लोगों का स्वागत करते हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जाने अनजाने ना जाने किन प्रयासों से इस स्वर्णिम स्वप्न को साकार कर रहे हैं।

एक बार सभी उपस्थित विभूतियों का हम अपनी और कालेज के व्यवस्थापक की ओर से, कार्यकारिणी के सदस्यों की ओर से तथा क्षेत्र के हर व्यक्ति की ओर से स्वागत करते हैं।

**धन्यवाद !**

उत्तर प्रदेश दर्शन परिषद् के अष्टम अधिवेशन

पर

हार्दिक

# धन्यवाद

**ठा० सुरेन्द्र बहादुर सिंह**

**तेजगाँव, रायबरेली**

# धन्यवाद ज्ञापन !!

**समादरित सज्जन वृन्द !**

हमें शब्द नहीं मिलते जिनके द्वारा मैं उपस्थित महान् विद्या विशारदों, साहित्यिकों, दार्शनिकों एवं भविष्य द्रष्टा कवियों के प्रति अपने आभार का उद्‌गार कर पाऊँ जिनकी उपस्थिति से हमारा यह बैसवारा कालेज ही नहीं, वरन् हमारा सम्पूर्ण क्षेत्र विभूषित एवं गौरवान्वित हुआ है।

ऐसे सुअवसर पर उन सभी विभूतियों के प्रति अपना, अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति का आभार प्रदर्शन करूँगा जिनके अथक परिश्रम से यह सौभाग्य शाली समारोह सम्पन्न हो पाया है।

जिन प्रेमी व्यक्तियों ने यहाँ पधारकर बहुमूल्य ज्ञान का अर्जन किया है, उनके भी हम हृदय से आभारी हैं।

और अन्त में हम श्रद्धा के फूल अपने चाचा श्री राजेन्द्र वहादुर सिंह जी (लाल साहब, आलमपुर) के चरणों में चढ़ाये विना सन्तोष नहीं पा रहे हैं। जिनकी प्रेरणा के स्वप्न साकार हुए हैं और जिन्होंने कृपा पूर्वक मुझ बच्चे को इस पुनीत कार्य में सेवा करने का सुयोग प्रदान किया है।

कालेज के संयोजकों एवं व्यवस्था करने वाले हर व्यक्ति के प्रति हम ऋणी हैं और एक बार फिर आगन्तुक विभूतियों से अनुरोध है कि समय-समय पर हमें ऐसे शुभ अवसरों से कृतज्ञ करें। इस अवसर पर आपके सामने वस्तुस्थिति का निरूपण न कर सन्तुष्ट नहीं हो पा रहा हूं और वह यह है कि यह कार्य मेरे आदरणीय पिताजी श्री रतन पाल सिंह जी के द्वारा सम्पादित होने वाला था परन्तु अनेक व्यस्तताओं के कारण यद्यपि उनकी बड़ी आकांक्षा थी किन्तु आप लोगों की सेवा में उपस्थित होने का मुझे उनका आदेश हुआ है कि मैं हर प्रकार आपकी सेवा में उपस्थित हो सकूं। उन्होंने इस समारोह की सफलता के लिए हार्दिक कामना प्रकट की है।

**धन्यवाद !**

# शाँति की खोज में भारतीय संस्कृति की भूमिका

**देवेन्द्र बहादुर सिंह**

विलासिता, विध्वंस, एवं अशाँति के उच्च शिखर पर से पतितोन्मुख मानव आज शाँति के अन्वेषण में लीन है, पिपासित है। परन्तु उसका यह प्रयासमात्र क्षितिज स्पर्श की चेष्टा की भाँति उसे आकर्षित करती और पुनः उस पर कटाक्ष करती चली जा रही है।

यहाँ क्या कारण है मनुष्य ने खोज में आनन्द न लेकर, आनन्द की खोज में अपना जीवन लगा डाला।

खोज किसकी, अन्वेषण किसका, भौतिकवादी संसार के नश्वर आकर्षणों का, जिसकी सीमा तृप्ति में नहीं अतृप्ति में है, शाँति में नहीं, अशाँति में है, निर्माण में नही विनाश में है या चिर-सारस्वत ब्रह्म के अन्वेषण में आत्मा का समर्पण।

हमारी संस्कृति एवं हमारी शिक्षा प्रणाली ने प्रारम्भ से ही त्याग भोग बलिदान के कठोरधरातल पर शिशु को ना ब्रह्मचर्य एवं आचरण का सम्बल ले आत्मा की जागृति-हेतु ज्ञान का निरुपण किया है जबकि पाश्चात्य संस्कृति ने भौतिकवादी उपलब्धियों के पीछे शिक्षा की प्रणाली को घसीटा कहें, और पाया है अन्त में उदासीनता अतृप्ति।

भौतिकवादी उपलब्धियों की चरम सीमा पर आसीन पाश्चात्य देशों के नवयुवक हिप्पी बनने को बाध्य हो रहे है और इस प्रकार प्रमाणित कर रहें कि भारतीय संस्कृति की गोद में ही शाँति का अमर वृक्ष मुक्ति का फल दे सकता है।

संस्कृति है क्या, जीवनयापन की प्रणाली ··और यही प्रणाली भारत को उसके महर्षियों से थाती के रूप में मिली है और वही शिक्षा प्रणाली जिसमें त्याग, संयम, स्वस्थ जीवन, साधारण एवं सद्बुद्धि का समावेश है, वही हमें शाँति की ओर ले जा सकती है हम दुर्भायवश साक्षर होना दोनो एक सा समझ बैठे हैं। शिक्षा तो वही जो अमरत्व की प्राप्ति में ज्ञान का आविर्भाव कर सके और वह मात्र हमारी संस्कृति की मौलिक विशेषता है।

# 'बैसवारे के इतिहास की एक झलक'

उत्तर प्रदेश में गंगा व सई के मध्य रायबरेली का पश्चिमी भाग तथा उन्नाव का पूर्वी भाग बैसवारे के नाम से प्रख्यात है। इस क्षेत्र में महाराज तिलोक चन्द्र जी तथा राणा वेनी माधव सरीखे वीरों ने जन्म लेकर इसे गौर्वान्वित किया है। हिन्दी के लब्ध-ख्याति विद्वान श्री महावीर प्रसाद द्विवेदी तथा संस्कृत के धुरन्धर विद्वान पं० रघुनन्दन प्रसाद शर्मा प्रभृति विद्वानों ने जन्म लेकर साहित्यिक क्षेत्र में इस क्षेत्र को गौर्वान्वित किया है।

बैसवारा भूभाग में बैसक्षत्रियों का बाहुल्य है तथा इन्हीं का यहाँ राज्य था अतः यह भूभाग बैसवारा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। बैस क्षत्रिय वंश के विषय में अनेक भ्रांतियाँ हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि कभी किसी इतिहासकर ने इस राजवंश के विषय में खोज बीन करने का प्रयास नहीं किया। इस भूखण्ड में बैसों की उत्पत्ति के विषय में अनेक जन श्रुतियाँ हैं जैसे इनका कहना कहना है कि ये लोग लव के वंशज हैं तथा इनका गोत्र भार. द्वाज है। इनके मुख्य स्थान लावल कोट (लाहौर) शालिवाहन कोट (श्याल कोट) कान्य कुब्ज कोट (कन्नौज) मूंगी पट्टन (टोंका) तथा गाहो मुंज (इटावा) में थे।

बैसवारे के बैस क्षत्रिय अपने को नागवंशी कहते हैं। उनका यह मत है कि उनके पूर्वज महाराज शालिवाहन ने शक सम्वत चलाया। यहाँ श्रावण मास में पंचमी को नाग पूजा होती है तथा बहने गुड्डे बनाकर डालती हैं और उनके भाई डंडों से पीटते हैं। इस सम्बन्ध में यह जनश्रुति है कि बंगाल के गौड़ राजा शशांक ने कन्नौज के राजा को मार डाला तथा महाराज हर्ष वर्धन की बहन राज्यश्री को कैद कर लिया। हर्ष के बड़े भाई राज्य वर्धन को भी मार डाला इस घटना से क्षुब्ध होकर महाराज हर्ष ने प्रतिज्ञा की तथा गौड़ों को परास्त किया। उसी स्मृति में गौड़ों को गुड़िया के रूप में बहनों के भाई पीटते हैं तथा आनन्द मनाते हैं इसी प्रकार दुर्गा पूजा कर्णवेध संस्कार तथा शिव पूजा इनकी मुख्य विशेषतायें हैं। इन्हीं जन श्रुतयों एवं परम्पराओं के अधार पर इस वंश के विषय में छानबीन की जा सकती है।

यह तो निश्चित है कि यह वंश प्राचीन क्षत्रियवशों में प्रतिष्ठित अवश्य रहा है। क्योंकि इस वंश के लोग अपने को नागवंशी एवं शालिवाहन का वंशज कहते हैं शाके शालिवाहन को अपना सम्वत् बताते हैं। यदि इनका कोई अतीत का इतिहास न होता तो इनमें अपने वंश की परम्परागत स्मृतियाँ शेष न रहती।

उपरोक्त संदर्भ में यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में कोई ऐसा क्षत्रिय बंश या अन्य वंश नहीं है जो अपने को नागवंशी कहता हो अथवा शक सम्वत को अपने पूर्वज शालिवाहन द्वारा चलाया हुआ बताता हो। यदि इसे असत्य भी मान लिया जाय तो किसी अन्य वश ने शक सम्वत पर अपने वंश के प्रभुत्व का दावा क्यों नहीं किया। एक ओर यह वंश शक सम्वत को अपना सम्वत बताता है, दूसरी ओर इतिहासकारों का मत है कि यह विदेशी शकों का चलाया हुआ है। यदि यह सम्वत विदेशी शकों का चलाया हुआ होता तो भारत इसे कदापि अपने ज्योतिष ग्रन्थों में स्थान न देता। विक्रमी सम्वत के साथ-साथ शाके शालिवाहन सम्वत का प्रचलन ही सिद्ध करता है कि दोनों सम्वत भारतीय हिन्दू राजाओं के चलाये हुये हैं।

प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वान स्वाँग ने अपनी पुस्तक में महाराज हर्षवर्धन को बैस क्षत्रिय लिखा है। इसी पुस्तक में एक वर्णन यह भी है कि कौशल के राजा प्रसेनजित के पुत्र विरुद्धक ने वैशाली पर आक्रमण करके तहस-नहस कर दिया इस नगर के चार राजपुरुष विभिन्न दिशाओं में चले गये। इन शाक्य वंशी राजपुरषों ने छद्मनाम से विभिन्न राज्य स्थापित कर लिये।

इनमें से एक ने हिमालय की तराई में मौरियगण राज्य की स्थापना की । चन्द्रगुप्त मौर्य इसी वंश का था सौराष्ट्र तथा दक्षिण भारत में भी अपना राजवंश चलाया । दक्षिण के शाक्य वंशी राजा का शकों से युद्ध का वर्णन इतिहास सिद्ध है ।

